महिलाओं के महत्व और उनके अधिकारों के बारे में जागरूक करने के लिए जन-संचार साधन

3985. **श्री नटवरलाल बी० परमार :** क्या **सूचना और प्रसारण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि लोगों को महिलाओं के महत्व और उनके अधिकारों के बारे में जागरूक करने तथा जन संचार साधनों के माध्यम से राष्ट्रीय स्तर पर प्रचार करने के लिए अभियान आयोजित करने के लिए क्या कार्यक्रम तैयार किये गये हैं ?

सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री लाल कृष्ण अडवाणी) : महिलाओं के महत्व और उनके अधिकारों के बारे में जनता में जागरूकता पैदा करना इस मंत्रालय के विभिन्न प्रचार माध्यमों के प्रचार की सतत प्रक्रिया है। प्रचार की प्रमुख विशेषताएं इस प्रकार हैं :—

(1) महिलाओं के लिए कार्यक्रम आकाशवाणी के सभी केन्द्रों से उनकी सम्बन्धित प्रादेशिक भाषाओं में सप्ताह में दो से तीन बार प्रसारित किए जाते हैं। महिलाओं के लिए कार्यक्रमों के संगठित श्रवण की व्यवस्था महिलाओं के लिए श्रवण क्लबें बनाकर की जाती है जिसकी संख्या 4,860 है।

(2) समाज में महिलाओं की भूमिका के विभिन्न पक्षों को बताने वाले कार्यक्रमों को दूरदर्शन केन्द्रों द्वारा टेलीकास्ट किया जा रहा है ।

(3) भारत में महिलाओं के स्थान सम्बन्धी समिति की रिपोर्ट का प्रचार करने के अलावा, पत्र सूचना कार्यालय समाचार-पत्रों/पत्रिकाओं को फीचर/लेख जारी करता है।

(4) फिल्म प्रभाग द्वारा "वुमैन रोल इन रूरल डेवेलपमेंट" नामक एक डाकुमेंट्री फिल्म और सात न्यूजरीलें बनाई गई हैं। तीन और डाकुमेंटरी फिल्म निर्माणाधीन हैं।

(5) प्रकाशन विभाग ने "वुमैन इन इण्डिया" और "इण्डियन वुमैन" नामक दो पुस्तकें प्रकाशित की हैं, "योजना", "आजकल" और "कुरुक्षेत्र" जैसी विभिन्न पत्रिकाओं में भी एतद्विषयक लेख प्रकाशित होते हैं ।

(6) गीत और नाटक प्रभाग और क्षेत्रीय प्रचार निदेशालय की क्षेत्रीय यूनिटें जनसाधारण को सजीव मनोरंजन, फिल्म शो और चित्र प्रदर्शनियों के माध्यम से महिलाओं के महत्व और अधिकारों के बारे में शिक्षित और सूचित करते हैं।

Retrenched workers from C.S.I.R. Organisations

3986. SHRI K. RAMAMURTHY: Will the Minister of PLANNING be pleased to state from the year 1969 till date how many workers have been retrenched from C.S.I.R. organisations including the daily wage workers laboratory-wise?

THE PRIME MINISTER (SHRI MORARJI DESAI): The information is being collected and will be communi-